सार-समाचार

विद्यालयों में निपुण मेले आयोजित

बाप, (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर के दिशा निर्देशानुसार आयोजित प्रत्येक पीईईओ स्तर पर निपुण मेले के आयोजन के क्रम में बुधवार को राउमावि घटोर में पीईईओ घटोर, रमजानपुरा के समस्त विद्यालयो, राउमावि जाम्बा की ढाणी में पीईईओ जाम्बा और कृष्णनगर कलां के समस्त विद्यालयों ने तथा राउमावि सुरपुरा में निपुण मेले का अयोजन वृहद स्तर पर हुआ। मेले में कक्षा एक, दो व तीन से 1० तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निपुण मेले में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के साथ भाषायी विकास और सृजनात्मक विकास आधारित समस्त गतिविधियों का आयोजन किया गया। नन्हें मुन्ने बालकों ने ब? उत्साह के साथ भागीदारी निभाते हुए मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ विज्ञान मॉडल भी प्रदर्शित किए। अतिथियों ने एक-एक स्टाल का निरीक्षण किया। उसके बाद विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बाप नगरपालिका उपाध्यक्ष गोपाल भट्टड, पीईईओ मांगीलाल कुमावत, शिक्षक हेतराम, उषा प्रिया, अमृत लाल, दुर्गाराम, हापुराम, चंद्र सिंह भाटी, जमालदीन, सुमन टाडा, अंजु, किरनजीत कौर, बालम खा, खुदाबग्स, जेठाराम, नखताराम, पूर्व सरपंच लालदीन, भामाशाह मनोज लोहिया माहेश्वरी, महेंद्र खत्री, रामचंद्र पवार, अखेराज खत्री, मूलचंद तंवर, ओमप्रकाश मेगवाल आदि उपस्थत रहे। जाम्बा की ढाणी विद्यालय में डॉ. इन्द्रदान, उत्तमचन्द, सुरेश कुमार, आकाश स्वामी, कंवरपाल सिंह बरा?, सुमन कासनिया, जगदीश मांझू, बुधराम थालोड, नारायण राम, लालचंद, रामनिवास, रामदयाल, जगदीश कडवासरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। राउमावि सुरपुरा में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद शर्मा फलोदी, सीबीईओ किशोर बोहरा, प्रधानाचार्य माणक राम डारा, राजस्थान शिक्षक संघ राष्टीय अध्यक्ष प्रदीप विश्नोई, शिक्षक संघ फलोदी जिला अध्यक्ष नरपत सिंह भाटी, अरुण व्यास, पूर्व सरपंच मगसिंह भाटी, रविन्द्र, पंचायतीराज शिक्षक संघ बाप मंत्री श्रवण सारण, अजीतमल, सुरेंद्र डारा, प्रदीप शर्मा, राजकुमार, पिंटू, सुभाष सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

आहोर में गांधी जयंती मनाई

आहोर, (निसं)। आहोर में गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आहोर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और वहां पर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्टपिता महात्मा गांधी को नमन किया। इसके बाद विधायक के संग सभी कार्यकर्ताओं ने हाथों में झाडू थामकर सरकारी अस्पताल परिसर की सफाई की। इस मौके विधायक राजपुरोहित ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा परमो धर्म का नारा दिया था, साथ ही देश में स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया था। इसी तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने जन्मदिन पर विशेष स्वच्छता पखवाडा मनाने का निर्णय लिया है। इस मौके मंडल अध्यक्ष हकमाराम प्रजापत, महामंत्री हिम्मताराम मेघवाल, प्रवक्ता महेंद्र सिंह बालोत, जेठूसिंह मांगलिया, एसी मोर्चा अध्यक्ष कानाराम दमामी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों व ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर बापू की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षण संस्थानों में भाषण व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाकर बापू को याद किया गया। इस बार गांधी जयंती पर सरकारी कार्य मों के साथ भाजपा ने भी बढ-चढकर हिस्सा लिया, लेकिन कांग्रेस ने महात्मा गांधी को लेकर कोई खास रूचि नहीं दिखाई। आहोर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की ओर से गांधी जयंती पर किसी भी प्रकार के आयोजन की जानकारी नहीं मिल पायी है।

महात्मा गांधी शांति के प्रतीक : भाटी

सायला, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस सायला द्वारा बुधवार को राष्टपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके मुख्य अतिथि जिला महासिचव सुल्तान खान भाटी ने कहा कि राष्ट पिता महात्मा गांधी को भारत देश ही नही अपितु पूरे विश्व में शांति का प्रतीक माना जाता है। उन्होने कहा कि बापू सदैव सत्य और अहिंसा को मानने वाले थे। ब्लॉक संगठन महामंत्री इन्द्रसिंह दहिया ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराने में मुख्य भूमिका निभाई। उनके आन्दोलनों ने लोगों को आजादी के लिए लडने की प्रेरणा दी। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्श और सिद्धान्तों पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम को जिला सचिव मांगीलाल गर्ग, कमलसिंह निम्बलाना व मंडल संगठन महामंत्री प्रकाश मेघवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान जगदीश सरगरा, भोलाराम मेघवाल, नपाराम पोषाणा, मंगलाराम, मेहबूब खान, राजु खान, आसीन, हबीब, अनवर, पुनीत, श्रवण, चिराग समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वदेशी वस्तुएं अपनाने पर बल दिया

रेवदर, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर में राजस्थान सरकार द्वारा प्रखर राजस्थान कार्यक्रम के तहत निपुण मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ओम लाल शर्मा ने गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के बलिदान को याद करते हुए बताया कि निपुण मेले का आयोजन बालकों के भाषा विकास ,शारीरिक विकास, मानसिक विकास ,सृजनात्मक विकास, बौद्धिक विकास तथा सामाजिक विकास हेतु किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच अजबाराम चौधरी, महंत रामानंद जी महाराज रहे। कार्य म का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के द्वारा हुआ। सरपंच अजबाराम चौधरी ने महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके द्वारा देश को आजाद करवाने हेतु किए गए योगदान के बारे में बताया। महंत रामानंद जी महाराज ने बालकों को महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलते हुए स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने का आव्हान किया।

पोकरण में स्वच्छता रैली निकाली

पोकरण, (निसं)। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पोकरण में 2अक्टूबर गांधी जयन्ती व शास्त्री जयन्ती मनाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिराज ओझा ने बताया कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई । कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने महात्मा गांधी व शास्त्री जी जीवनी पर अपने विचार प्रकट किए तो छोटे बच्चों ने बापू पर कविताए प्रस्तुत की। सुरेन्द्र केवलिया ने बताया कि स्वच्छता पखवाडे के तहत नगर पालिका पोकरण द्वारा चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमे प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किये छात्रों को नगर पालिका के राजस्व अधिकारी रामस्वरूप गुचिया व वासुदेव पालीवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यापक देवीलाल मुकेश शर्मा घनश्याम सुथार विष्णु व्यास व अध्यापिका शोभा पुरोहित व सन्तोष चौहान के नेतृत्व में स्वच्छता रैली को राजस्व अधिकारी रामस्वरूप गुचिया ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रेली आडा बाजार सदर बाजार गजानंद मार्केट से होते हुए गांधी चौक पहुंची। जहां पर गांधी जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मृत्युभोज पर पाबन्दी का निर्णय लिया

गुड़ामालानी, (निसं)। समय के साथ परिवर्तिन होना भी चाहिए। ऐसे में उपखंड के ग्राम पंचायत रतनपुरा में अंबेडकर सेवा समिति रतनपुरा की पहल पर बुधवार को मेघवाल समाज रतनपुरा द्वारा सामाजिक बैठक कर सर्वसहमति से मृत्युभोज के दौरान मीठे भोजन पर पाबंदी लगाई। मृत्युभोज न कर बारहवें दिन पर दाल रोटी करने का निर्णय लिया । एवं समाज में किसी प्रकार का नशा डोडा, अफीम, बीडी ,सिगरेट नशा मुक्त मनवार पर पाबंदी लगाई। इस दौरान मेघवाल समाज के बुजुर्गगण, कर्मचारीगण ,युवा एवं समाज के वरिष्ठ लोगों सहित अबेडकर सेवा समिति रतनपुरा कार्यकारिणी के लोग मौजूद रहे । इस निर्णयों को सभी समाज के लोगों ने स्वीकार करते हुए सहमति जताते हुए पहल करने वाले युवाओं अंबेडकर सेवा समिति का आभार जताया। यह जानकारी समाज युवा नेता प्रहलाद मेघवाल ने दी।

नवरात्र महोत्सव आज से

जालोर, (कासं)। जालोर शहर सहित जिलेभर में 3 अक्टूबर घट स्थापना के साथ नवरात्रा महोत्सव का आगाज होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर शहर में नवरात्रा महोत्सव को लेकर भक्तो को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। जालोर शहर के विभिन्न मोहल्लो में मॉ दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना शुभ मुहूर्त में करने के साथ नौ दिन तक गरबा महोत्सव की धूम मची रहेगी। शहर में नवरात्रा महोत्सव को लेकर भक्तो में उत्साह नजर आ रहा है। वही शहर में विभिन्न जगह गरबा महोत्सव को पांडाल तैयार हो चुके है। नौ दिन भक्त माता की भक्ति में लीन रहकर व्रत आदि रखकर अपनी आस्था प्रकट करेगे। जिलेभर में नवरात्रा महोत्सव को लेकर भक्तो में उमंग व उल्लास नजर आ रहा है।

पड़ौसी का हमेशा ख्याल रखें : सैयद माज अशरफ अशरफी

जालोर शहर के मेहरों के वास में आयोजित मिलाद शरीफ में उलेमा ने तकरीर पेश की। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालौर में बडी पोल के अंदर मेहरों का वास में जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश किछौछा शरीफ से सैयद माज अशरफ अशरफी जिलानी ने अपनी तकरीर करते हुए कहा की मोहम्मद स.अ. व. सल्लम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आपने उनकी बेहतरीन सुन्नतों को अपने अंदर इख्तियार करने की बात कही जिससे आप की जिंदगी बेहतरीन हो सके। वही आपने कहा कि इस्लाम बडा पाकीजा मजहब है, जो हमें इंसानियत, प्यार , मोहब्बत सिखाता है ।आपने फरमाया अगर आपका पडोसी भूखा है और आपने अगर उसे ध्यान नहीं रखा, तो इससे अल्लाह नाराज होता हैं। पडोसी किसी भी धर्म व मजहब को मानने वाला हो उसका ख्याल रखना बहुत जरूरी है। ख्वाजा गरीब नवाज को लेकर कहा कि संजर से निकलकर हिंदुस्तान के राजस्थान में अजमेर की धरती पर आए जहां से आज पूरा हिंदुस्तान में उनके नाम का फैज मिल रहा है। हम सब अता ए रसूल ख्वाजा गरीब नवाज से मोहम्मद के नाम का सदका लूट रहे है।

वही उदयपुर से आए नातखा अशरफ रजा कादरी ने हजूर की शान में एक से बढकर एक नाते कलाम सुनाएं कौन देता है देने को जी चाहिए.... मौला अली के शान में गुलाम है अली के घर गुलाम रसूल..... नवी किस में लोग मुश्किल में जमाने की तरफ देखते हैं हम मोहम्मद के घराने की तरफ देखते हैं ..... हमसे दुनिया राजी हो या नहीं ताजदार ए राजी होने चाहिए ..... मोहम्मद साहब और मौला अली की शान में एक से एक बढकर कलामात सुनाएं जिसे सुनकर पूरा मजमा नारों से गूंज उठा।

रजा कमेटी की ओर से मौलाना इलाकुल कादरी, मौलाना रफीक आलम अशरफी, मौलाना वकार आलम, मौलाना सलीम मुस्तफाई ,मौलाना नियाज अहमद सिद्दीकी, मौलाना अरवाब , मौलाना इलियास, मौलाना इकबाल सिद्दीकी सहित बाहर से आए मुकरिर व ओलामाओ का सुलेमान खान शेख , शेरू खान मेहर, भंवर सिंह, कालू भाई रंगरेज ,अशरफ खान मेहर, नूर मोहम्मद, पार्षद अमजद मेहर,युसूफ खान, हनीफ खान ,शकूर भाई लोहार, एकलाक मेहर , इकबाल भाई की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी जलसे में कुरान आमीन करने वालों व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में अच्छे अंकों से पास होने वाले बच्चों में आयत बानो, शिफा बानो, राफिया शाहीन, अल्ताफ खान, इकरा बानो, इरशाद बानो, फैसल खान, मुस्कान बानो ,कुलसुम बानो, हिना बानो, अरमान मोहम्मद आसिफ, इब्राहिम खान जैनब बानो, आफरीन बानो सहित कई बच्चों का हौसला अफजाई के लिए स्मृति चिन्ह और देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों ने श्रमदान किया



जालोर के विद्या भारती स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। विद्या भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के विद्यार्थियों ने श्रम दान कर मनाया।

शहर के शांति नाथ विधा भारती टी. टी. कॉलेज और विद्या भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संयुक्त रूप से श्रमदान किया । संस्था निदेशक मधु बाला भाटी ने सर्वप्रथम प्रार्थना सभा पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया । विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेन्द्र नाग ने तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए। निदेशक मधु बाला भाटी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी एक ऐसे महान पुरुष हुए , जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश को आजादी दिलाने और राष्ट्र को अहिंसा का पाठ पढाने में गुजार दिया था । और अगर आज हम स्वच्छता और सफाई की बात करे तो वो भी मार्गदर्शन गांधीजी ने सिखाया। सुरेंद्र नाग ने शास्त्री के जीवन का परिचय देते हुए कहा कि शास्त्री एक ऐसी महान शख्सियत थे जिन्होंने प्रधान मंत्री रहते हुए भी सरकार की ओर से जो वाहन सेवा उन्हें उपलब्ध करवाई गई थी,उसका भी फायदा नही लिया। रघु पति राघव राजा राम भजन गाया। छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर और कॉलेज परिसर की सफाई की गई।

वसुंधरा राजे ने सूर्यकांता व्यास को श्रद्धांजलि दी

जोधपुर, (कासं) । राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बुधवार को सुबह जोधपुर पहुंची। सुबह करीब साढे दस बजे पूर्व सीएम राजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उनका स्वागत किया गया।

यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज सूर्यकांता व्यास जीजी को हम मिस कर रहे हैं। मैं जब भी जोधपुर आती थी, जीजी हमेशा सबसे पहले मिलती थीं। मैं प्रार्थना करती हूं कि उनके परिवार को और हम सभी को ईश्वर इतनी ताकत दे कि उनकी अनुपस्थिति को हम सब झेल सकें।

जोधपुर में जीजी के नाम से मशहूर पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास का 25 सितंबर की सुबह निधन हो गया था। जीजी को श्रद्धांजलि देने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे बुधवार सुबह जोधपुर पहुंचीं। सूर्यकांता व्यास पूर्व सीएम राजे की करीबी मानी जाती थीं।

एयरपोर्ट पहुंचने के बाद वे सीधा भीतरी शहर के जालोर गेट स्थित पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास के घर 11 बजे पहुंचीं। इससे पूर्व एयरपोर्ट पर मीडिया से भी उन्होंने बातचीत की।

यहां वे करीब 45 मिनट तक रूकीं। इस दौरान उन्होंने परिवार को सांत्वना दीं। इसके साथ ही उन्होंने जीजी और उनसे जुड़ी राजनीतिक यात्राओं की भी चर्चा करते हुए उन्हें याद।

इसके बाद वे सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी के घर पहुंचीं। जहां उनकी माता को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद 12:15 मिनट पर वे अजीत भवन पहुंची। वे दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर जयपुर के लिए रवाना हो गई।

ट्रेन से नीचे गिरी महिला की मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में बुधवार दोपहर पैसेंजर ट्रेन से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ थी। घटना के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मॉच्यूरी ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर काफी लोगों की भीड़ जुट गई।

लूणी रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई रामलाल ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12:40 बजे सतलाना रेलवे स्टेशन के पास साबरमती ट्रेन से एक महिला नीचे गिर गई। सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान पुष्पा देवी पत्नी नवाराम बंजारा के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ ट्रेन में भीनमाल जा रही थी। मृतका ट्रेन से कैसे गिरी इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग लॉन टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

जालोर में राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। 68वीं राज्य स्तरीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रमुख राजेश कुमार, एयरपोर्ट ऑथेरिटी ऑफ इण्डिया की कमेटी के सदस्य रविन्द्र सिंह बालावत, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, गणपतसिंह बगेड़िया व वीरमाराम उपस्थित रहे।

समापन समारोह में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि खेल बालक के सर्वांगीण विकास का आधार है। इसलिए हमें शिक्षा के साथ खेल को भी जीवन का अंग बनाना चाहिए। उन्होंने हा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि विजेता खिलाड़ी आगे और अधिक मेहनत कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन पर शिक्षा विभाग व आयोजक विद्यालय भरत विद्या मंदिर जालोर की सराहना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। वही खिलाड़ियों ने अभिमुख मार्च पास्ट के माध्यम से सलामी दी। प्रतियोगिता के संयुक्त संचालन सचिव एवं भरत विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक राजकुमार माली ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

समारोह में राबाउमावि प्रताप चौक जालोर की बालिकाओं ने राजस्थान लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर राजस्थानी लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया वही आयोजक विद्यालय भरत विद्या मंदिर की बालिकाओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता समापन की घोषणा की वही ध्वजावतरण कर ध्वज प्रतियोगिता संयोजक को समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन नरपत आर्य, अम्बिका प्रसाद तिवारी व ललित ठाकुर ने किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों ने 14 वर्ष टीम स्पर्धा छात्रा वर्ग में प्रथम जोधपुर शहर, द्वितीय अजमेर व तृतीय स्थान पर रहे जोधपुर ग्रामीण तथा छात्र वर्ग में प्रथम जोधपुर शहर, द्वितीय अजमेर व तृतीय पायदान पर रही बीकानेर की टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

आयोजन समिति के ललित सुन्देशा ने बताया कि व्यक्तिगत एकल स्पर्धा के छात्रा वर्ग में जोधपुर शहर की दर्शामिनी सिंह ने प्रथम, जोधपुर की रौनक राठौड़ ने द्वितीय व अजमेर की भुवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही छात्र वर्ग में जोधपुर के प्रबल देवड़ा ने प्रथम, जयपुर के हर्ष बंसल ने द्वितीय व झुंझुनूं के मेहुल चौधरी ने तृतीय स्थान अर्जित किया जिन्हें अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं मेरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी भेराराम, प्रधानाचार्य जबरसिंह देवड़ा, जसवंतसिंह सामुजा, अल्ताफ अली, दलपत खण्डेलवाल, पद्मा नागर, शैलजा माथुर सहित शिक्षा निदेशालय बीकानेर से नियुक्त निर्णायक सहित कई जने उपस्थित रहे।

सार-समाचार

खेतोलाई स्कूल में प्रार्थना सभा हुई

पोकरण, (निसं)। पोकरण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव खेतोलाई के पीईईओ विद्यालय में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक (एफएलएन) के तहत निपुण मेले का आयोजन को किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विष्णुकुमार छंगाणी ने की। सर्व प्रथम व्याख्याता महिपाल के निर्देशन में प्रार्थना सभा के बाद महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई, जिसमे विद्यार्थी नीरज, पीयूष व दिलसुख ने महापुरुषों का रूप धर कर बच्चो के समाने प्रदर्शन किया, वही शिक्षा विश्नोई,डिंपल मेघवाल, दीक्षा विश्नोई ,तनिषा तथा सुमित राव ने महात्मा गांधी के जीवन से जुडी बातों पर वार्ता दी। अंत में प्रधानाचार्य विष्णु कुमार छंगाणी द्वारा वैष्णव जन तो तेने कहिए, पीर पराई जाने रे सामूहिक भजन करवाया। इसके पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा मेले का उद्घाटन किया गया। निपुण मेला प्रभारी सविता विश्नोई व सहप्रभारी कौशल्या चावरियाँ के नेतृत्व में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक (एफएलएन) के तहत कार्रवाई गई तथा विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विद्यार्थी नीरज द्वारा बनाया हुआ चरखे का मॉडल व प्राथमिक विद्यालय मेघवाल बस्ती द्वारा स्थानीय बोलचाल शब्दो पर बनाया चार्ट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम संचालक लालचंद मेघवाल ने मेले की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों का रजिस्ट्रेशन,शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास,पूर्व गणित, सामाजिक व भावनात्मक विकास और रचनात्मक विकास हो सकेगा। वरिष्ठ अध्यापक राकेश विश्नोई ने बताया कि निपुण मेले से बच्चों में अनुशासन की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने बताया कि बच्चों के द्वारा आज निपुण मेले के अंतर्गत ग्रुप में रहकर विभिन्न गतिविधियों आयोजित की गई। इससे बच्चों में समूह भावना भी जागृत होग इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में सुमेर नाथ,श्रवण कुमार,मनोज जोशी व सरिता विश्नोई रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मूलचंद सेन, तेजप्रकाश, हर्षिता विश्नोई,भागीरथ विश्नोई,सुखराम अशोक ,राजरानी तथा सुनील ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ओडवाड़ा में निपुण मेला आयोजित

जालोर, (कासं)। जालोर के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओडवाडा में महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में निपुण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश खोरवाल तथा अध्यक्षता संस्था प्रधान किशनाराम राम पटेल ने की। निपुण मेला प्रभारी रमेश कुमार चौधरी (व्याख्याता) ने बताया कि मेले में 22 गतिविधियों में 226 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें लटकन जलेबी, म्यूजिकल चेयर, देखो और बताओ, नींबू व चम्मच दौड , विज्ञान मॉडल, चार्ट, मेहंदी ,रंगोली ,निबंध, भाषण, कविता, संगीत का आयोजन किया गया। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने गहन निरीक्षण कर सफल आयोजन की बधाई देते हुए बच्चों को प्रेरित करने एवं अन्य कार्यक्रम आयोजन करने का निर्देश दिया। अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रधान ने निपुण मेल ,स्वच्छता तथा विज्ञान मेले संबंधी प्रकाश डाला। सचिव छगनलाल बाजक ने सबका धन्यवाद प्रदान करते हुए बच्चों को प्रेरित किया। सह प्रभारी प्रमोद दवे ने मेले के रूपरेखा व मेहता को बताया। देवीसिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। मेला आयोजन के प्रभाग प्रभारी कुलदीप दवे ,बृजमोहन भारती, नेमाराम चुंडावत , विद्या ओझा, राजेश गहलोत ,सवाराम ,विष्णु कंवर ,भानु प्रताप ,राजेंद्र परमार, चंद्रिका जांगिड, पूजा कंवर ,अजय कुमार, प्रवीण कुमार, हनुमान राम, अनाराम, अनाराम , मंगाराम, काना राम एवं समस्त ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता निभाई।

सर्वपितृ अमावस्या पर श्राद्ध पक्ष संपन्न

जोधपुर, (कासं) । आश्विन कृष्ण अमावस्या दो अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के रूप में मनाई गई। आज शहर के पवित्र जलाशयों में सुबह से दोपहर तक यजमानों की तरफ से सर्व पितृ का तर्पण ब्राह्मणों द्वारा करवाया गया। वैदिक मंत्रोचारण के साथ तर्पण कार्यक्रम पूर्ण करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज ही आंशिक सूर्यग्रहण भी रहा, मगर उसका जोधपुर में कोई असर नहीं था। आज के दिन भूले-बिसरे पितरों या जिनकी मुत्यु की तिथि याद ना हो, उन पितरों का श्राद्ध किया गया। सर्वपितृ अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग भी बना। सर्वार्थ सिद्धि योग का समापन तीन अक्टूबर को सुबह 6.15 बजे होगा। इसी प्रकार दुर्लभ ब्रह्म योग का भी संयोग बना रहा। गौरतलब है कि सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन होता है। इस दिन पितरों को विदाई दी जाती है इसकी वजह से इसे पितृ विसर्जन अमावस्या भी कहा जाता है। पितृ अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में लोग तर्पण करते है। इस दिन उन पितरों का भी श्राद्ध किया जाता है। जिनकी मृत्यु की तिथि याद नहीं हो। ऐसे लोग भी पितृ अमावस्या के दिन उनका तर्पण और श्राद्ध करते हैं। इस दिन भोजन बनाकर कोए, गाय और कुत्ते के लिए निकाला जाता है। ऐसा माना जाता है कि अमावस्या तिथि पर किए गए श्राद्ध कर्म से पितरों को तृप्ति मिलती है और वे प्रसन्न होकर अपने पितृ लोक लौट जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार पितरों की प्रसन्नता के लिए सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध और दान-पुण्य जरूर करना चाहिए।

पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा हुई

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में समाज कल्याण सप्ताह अन्तर्गत 2 अक्टुबर को गांधी जयन्ती बुधवार को अनुसूचित जाति का कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली के जिला कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, छात्रावासों व देवनारायण राजकीय बालक आवासीय उच्च माध्यमिक विधालय, देवडुंगरी तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विधालय, केनपुरा में गांधीजी को माल्यापर्ण कार्यक्रम आयोजन के साथ ही पाली जिले में विभाग अन्तर्गत संचालित छात्रावासों व आवासिय विधालयों के 1500 बच्चों व स्टॉफ ने सफाई अभियान व श्रमदान का कार्य किया । उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली ज्योति प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसका आयोजन किया गया है। पंचायत स्तर पर 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बकाया भौतिक सत्यापन का कार्य करवाये जाने के निर्देश प्रदान किया जा कर कार्य करवाया गया, साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधि.नियम के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त सहायता प्रकरणों की जांच कर जिला कार्यालय स्तर से प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

सुदासरी क्षेत्र का स्वैच्छिक भ्रमण किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। वन्यजीव (राष्ट्रीय मरू उद्यान) की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 02 से 08 अक्टुबर 2024 के दौरान वन्यजीव सप्ताह मनाया जा रहा है। उप वन संरक्षक डॉ आशीष व्यास के निर्देशन में वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ वन्यजीवों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढाने हेतु विभिन्न विद्यालयों के लगभग 150 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मरू उद्यान अभयारण्य के सुदासरी क्षेत्र में स्वैच्छिक भ्रमण से किया गया। मुरारीलाल कुमावत एवं मोहनी क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को गोडावण एवं उनके आश्रय स्थल, राष्ट्रीय मरू उद्यान अभयारण्य के क्लोज़रों के प्रबंधन यथा प्रिडेटर प्रूफ फेंसिंग, वन्यजीवों के पीने के पानी हेतु गजलर्स, फील्ड स्टाफ द्वारा मॉनिटरिंग आदि की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान अभयारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों यथा गोडावण, चिंकारा, साण्डा, गिद्ध, मरू लोमड़ी इत्यादि को नजदीक से निहारा एवं इनके बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही सुदासरी चौकी पर विद्यार्थियों के साथ आए अध्यापकगण ने भी बाइनोक्युलर, पगमार्क, कैमरा ट्रेप के माध्यम से अभयारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों की मॉनिटरिंग करने के बारे में जानकारी प्राप्त की।

अनुसूचित जाति कल्याण दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर की ओर से चलाए जा रहे समाज कल्याण सप्ताह के तहत बुधवार को गांधी जयंती व अनुसूचित जातियों के कल्याण दिवस पर विभिन्न छात्रावासों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार ने बताया कि अनुसूचित जाति कल्याण दिवस पर विभिन्न छात्रावासों में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया गया तथा बच्चों को महात्मा गांधी की शिक्षाओं की जीवन में उतरने के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रावास में निवास कर रहे छात्रों को अपने घर के पड़ोस में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार किये जाने की बात कही गई तथा छात्रावासों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।